# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

**Q. वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान – 2026 में राजस्थान का कौनसा जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है?**

(A) बीकानेर
(B) जयपुर
(C) जोधपुर
(D) इनमें से कोई नही

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान – 2026 में जयपुर जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर

- वर्ष 2026 में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का दूसरा संस्करण आयोजित किया गया है
- आयोजन – 25 मई (गंगा दशमी) से 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) 2026
- शुभारंभ – सीएम भजनलाल शर्मा द्वारा बीसलपुर बांध (टोंक) से

## Yesterday Revision

01. केंद्र सरकार की कुसुम-2.0 योजना के तहत प्रदेश को 6,000 मेगावाट सोलर पावर क्षमता आवंटित की गई है।

02. देश के प्रतिष्ठित अटल भारत गौरव सम्मान से  पंडित सलिल विश्व मोहन भट्ट को सम्मानित किया गया।

03. राजस्थान ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए आवंटित लक्ष्य में प्रथम स्थान हासिल किया है।

04. सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ स्थित श्रद्धानाथ आश्रम के पीठाधीश्वर पद्मश्री संत बैजनाथ महाराज जी का 5 जून  को 91 वर्ष की आयु में देहांत हो गया था।

05. दुनिया के प्रतिष्ठित इनोवेशन व टेक्नोलॉजी लंदन टेक वीक 2026 में मारवाड़ी कैटलिस्ट्स के फाउंडर एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम लीडर सुशील शर्मा जोधपुर के स्टार्टअप इकोसिस्टम को इंटरनेशनल लेवल पर रिप्रेजेंट करने का मौका मिला है।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान की बैडमिंटन खिलाड़ी अन्वी राठौड़ ने हैदराबाद में आयोजित ऑल इंडिया सब-जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिताब जीता है

(B) फाइनल में अन्वी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त तेलंगाना की हमिशिनी चदराम को हराया था

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

👁‍🗨 राजस्थान की उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी अन्वी राठौड़ ने हैदराबाद में आयोजित ऑल इंडिया सब-जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स का खिताब जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

👁‍🗨फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त अन्वी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त तेलंगाना की हमिशिनी चदराम को 18-21, 21-17, 21-13 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) अहमदाबाद में पहली विश्व योगासन चैम्पियनशिप के सीनियर-सी महिला बैक बेंडिंग इंडिविजुअल वर्ग में गायत्री देवी ने गोल्ड मेडल जीता।

(B) योगासन की विश्व चैम्पियन गायत्री राजस्थान के सीकर जिले के मांडोता गांव की रहने वाली है




**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान के सीकर जिले के मांडोता गांव की बेटी और राजस्थान पुलिस में हैड कांस्टेबल गायत्री देवी योगासन की विश्व चैम्पियन बन गई हैं।
- अहमदाबाद में पहली विश्व योगासन चैम्पियनशिप के सीनियर-सी महिला बैक बेंडिंग इंडिविजुअल वर्ग में गायत्री ने गोल्ड मेडल जीता। नेपाल की जानुका भट्टाराई ने रजत तथा बोत्सवाना की खिलाड़ी ने कांस्य पदक जीता।
- गायत्री वर्तमान में जयपुर स्थित 5वीं आरएसी बटालियन में हैड कांस्टेबल हैं।
- इससे पहले एशियन योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। दिल्ली में हुई इस चैम्पियनशिप में गायत्री ने स्वर्ण और रजत पदक जीता था
- प्रतियोगिता में भारत के 40 स्वर्ण, 8 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 50 पदकों के साथ शीर्ष स्थान पर है।

03. राजस्थान कृषि विभाग ने लॉर्ड्स एजुकेशन एंड हेल्थ सोसाइटी के माध्यम से किसके साथ एक गैर-वित्तीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं?

(A) वेदांत एआई फाउंडेशन

(B) वधवानी एआई फाउंडेशन

(C) जेम एआई फाउंडेशन

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

👁राजस्थान कृषि विभाग ने लॉर्ड्स एजुकेशन एंड हेल्थ सोसाइटी के माध्यम से वधवानी एआई फाउंडेशन के साथ एक गैर-वित्तीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता जयपुर के पंत कृषि भवन में हुआ

👁 वधवानी एआई राज्य सरकार को तीन साल तक बिना किसी शुल्क के तकनीकी सहायता प्रदान करेगी। इस साझेदारी के तहत एआई-आधारित उपकरण पेश किए जाएंगे,

👁जिनमें एग्रीवानी (एक बहुभाषी चैटबॉट), क्रॉपस (कंप्यूटर-विज़न कीट और रोग निगरानी), स्मार्टफोन-आधारित सोयाबीन अनाज विश्लेषक और एग्री एआई कलेक्ट और न्यूज़ मॉनिटरिंग शामिल हैं।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) देश में पहली बार पोटाश खनन का रास्ता राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले से खुलने जा रहा है

(B) हनुमानगढ़ जिले में ही 878 हेक्टेयर क्षेत्र में पोटाश की 125 मीटर मोटी परत फैली हुई है

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- देश में पहली बार पोटाश खनन का रास्ता राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले से खुलने जा रहा है। केंद्र सरकार के खान मंत्रालय ने राजस्थान के दो पोटाश एवं हैलाइट ब्लॉकों की सफल नीलामी पूरी कर दी है।
- इनमें जंडावाली-सतीपुरा अमलगमेटेड पोटाश एवं हैलाइट ब्लॉक का अधिकार हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को मिला है, जबकि जोड़कियां, सतीपुरा, खुंजा अमलगमेटेड पोटाश एवं हैलाइट ब्लॉक की बोली ऑयल इंडिया लिमिटेड ने ली है।
- यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत में पहली बार किसी पोटाश ब्लॉक की नीलामी हुई है। अब तक देश अपनी जरूरत का अधिकांश पोटाश विदेशों से आयात करता रहा है।
- हनुमानगढ़ जिले में ही 878 हेक्टेयर क्षेत्र में पोटाश की 125 मीटर मोटी परत फैली हुई है

**05. राजस्थान लीग सीनियर विमेंस 'ए' डिवीजन 2025-26 का चैंपियन कौन बनी है?**

(A) रियल जयपुर एफसी

(B) जयपुर सिटी एफसी

(C) जिंक फुटबॉल एकेडमी

(D) इनमें से कोई नही




GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- जिंक फुटबॉल एकेडमी (जेडएफए) ने राजस्थान लीग सीनियर विमेंस 'ए' डिवीजन 2025-26 का चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया है।
- जावर-स्थित एकेडमी की लड़कियों ने शानदार दबदबा दिखाते हुए अपने आखिरी लीग मैच में रियल जयपुर एफसी को 8-0 से हराया और अपना पहला राज्य-स्तरीय खिताब जीता।
- इससे पहले पुरुषों की टीम ने भी राजस्थान लीग सीनियर मेन्स 'ए'-डिवीजन का खिताब जीता था।
- राज्य स्तर का यह ऐतिहासिक खिताब जीतने से पहले, ये लड़कियां 'दून कप', 'अस्मिता लीग कप' और 'डीएवी अंडर-19 नेशनल्स' भी जीत चुकी थीं

2017 में स्थापित 'जिंक फुटबॉल एकेडमी','वेदांता जिंक फुटबॉल एंड स्पोर्ट्स फाउंडेशन' का हिस्सा है

जयपुर, रविवार, 07 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-108

**1** **देशभर** में 'खेत बचाओ अभियान' का आयोजन कब से कब तक किया जा रहा है?
(A) 1 मई से 31 मई
(B) 1 जून से 30 जून
(C) 15 जुलाई से 15 अगस्त
(D) 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर

B

**2** **प्रधानमंत्री** ई-बस सेवा योजना के तहत स्वच्छ, हरित एवं टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान में कुल कितनी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाना है?
(A) 500 (B) 1,000
(C) 1,500 (D) 1,150

D

**3** **राज्य** सरकार द्वारा प्रत्येक जिले के समग्र विकास और स्थानीय विशेषताओं को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई 'पंच गौरव' पहल में कौन-से पांच घटक शामिल हैं?
(A) एक स्कूल, एक अस्पताल, एक सड़क, एक उद्योग और एक पार्क
(B) एक खेल, एक वनस्पति, एक उपज, एक पर्यटन स्थल और एक उत्पाद
(C) एक मंदिर, एक धरोहर, एक नदी, एक वन और एक खनिज
(D) एक कृषि मंडी, एक पशु मेला, एक हस्तशिल्प, एक परिधान और एक व्यंजन

B

**4** **सोमनाथ** मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कौन-सा पर्व मनाया जा रहा है, जिसके तहत 1,000 दिनों के लिए विशेष पूजा का आयोजन किया जा रहा है?
(A) सोमनाथ गौरव पर्व
(B) सोमनाथ सांस्कृतिक महापर्व
(C) सोमनाथ अमृत पर्व
(D) सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

D

**5** **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत सीकर जिले की उपज कौन सी है?
(A) अनार (B) गाजर
(C) प्याज (D) जीरा

C

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए आवंटित लक्ष्य में कौनसा स्थान हासिल किया है?**

(A) तीसरा

(B) पहला

(C) सातवां

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine